

## नवागत सीएमएचओ का किया अभिनन्दन



**पानसेमल।** नगर परिषद सहित 27 नगरीय निकायों में अपनी सेवाएं दे चुके शिवजी आर्य बड़वानी जिला परियोजना अधिकारी के पद से 31 जुलाई को रिटायर हुए। शुक्रवार को नगर परिषद पानसेमल में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जहां उन्होंने कर्मचारियों से अपने अनुभव सांझा किए। 29 वर्षों से अधिक समय तक शासकीय सेवा प्रदान की। सभी को ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने की बात कही। पानसेमल नगर परिषद के नवागत सीएमओ संतराम चौहान का भी पुष्पहार से स्वागत किया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, नगर परिषद कर्मचारियों सहित पार्षद मौजूद रहे।

## मुहम्मद रफी की पुण्यतिथि मनाई



**सेंधवा।** हिंदी फिल्मों के सदी के महान गायक मोहम्मद रफी साहब की 45वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय स्वरांजलि म्यूजिकल स्टूडियो पर शहर के व बाहर से आए गायक कलाकारों ने रफी के गीत गा कर उन्हे याद किया। इस संगीत आयोजन में किशोर पँवार, पुरुषोत्तम कुलकर्णी, अनिल मांडगे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश्वर से पधारे सईद खान व विशेष अतिथि उमर्टी से आये निशान सिंह जुनेजा थे। इनके साथ ही डॉ ओपी गंगे, सुधाकर ईशी, कुशल शर्मा, राहुल शर्मा प्रवीण तंवर आदि कलाकारों ने रफी के 50 गीत गाये और उन्हे याद किया।

## सखी एकता मंडल ने बनाया पार्थिव शिवलिंग



**सेंधवा।** महावीर कॉलोनी स्थित विश्वेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास के पावन अवसर पर सखी एकता मंडल की बहनों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर विशेष रुद्राभिषेक अनुष्ठान संपन्न किया गया। विधि-विधान से पूजन एवं रुद्राभिषेक का कार्य पंडित राजा शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी जयंत शर्मा ने बताया कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग बनाकर रुद्राभिषेक करने से समस्त पापों का नाश होता है तथा पुण्य की प्राप्ति के साथ भोलेनाथ का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत मंदिर परिसर में ही टब में पानी भरकर पार्थिव शिवलिंग का विसर्जन भी किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी जयंत शर्मा, मंजु जायसवाल, छाया शर्मा, सरला कोठारी, ममता मित्तल, पवित्रा शर्मा, लीना सिंह, किरण सिंह, पिंकी सिंह, चेतना अग्रवाल, रितिका अग्रवाल, मनिषा पाटिल, कोमल कानुनगो, मुक्ता कानुनगो, सुमित्रा किराड़े, उर्मिला अग्रवाल, कल्पना पाटिल, रुकमणी गोयल, शिंदे मैडम, रीना गर्ग, सरला लड्ढा, राधिका गोयल, अंजु सोनी, अनीता गोयल और ज्योति बेरागी मौजूद रही।

## वेटनरी डॉक्टर की संदिग्ध हालात में मौत

इंदौर. खजराना क्षेत्र में रहने वाले एक वेटनरी डॉक्टर की बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. वे क्लिनिक से लौटने के बाद नहाकर जैसे ही बाथरूम से बाहर निकले, घबराहट महसूस होने लगी. कुछ देर बाद परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. खजराना थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि 45 वर्षीय मृतक की पहचान राजेश पिता रमेश कागे, निवासी खजराना के रूप में हुई है. भाई हरीश ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 3 बजे राजेश घर लौटे थे. नहाने के बाद उन्हें बेचैनी हुई और देखते ही देखते हालत बिगड़ गई. परिजन उन्हें डीएनएस अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से एमवाय रेफर किया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका. प्रारंभिक जांच में मामला हार्ट अटैक का माना जा रहा है, लेकिन स्थिति स्पष्ट करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. पुलिस ने बताया कि शॉर्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह साफ हो सकेगी, मामले में परिजनों व दोस्तों के साथ बयान लिए जा रहे है.

## लापरवाही से ऑटो चलाई, दो बच्चों को आई चोट

इंदौर. एरोड्रम क्षेत्र में तेज गति और लापरवाही से ऑटो चलाने के आरोप में पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. घटना विद्या धाम मंदिर के पास अशोक नगर रोड की है. शिकायतकर्ता रामकुमारसिंह सावनेर ने बताया कि सुबह वह अपने बेटों 10 वर्षीय प्रणवसिंह और वर्धनसिंह के साथ एक्टिवा से जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार में आ रहा ऑटो नम्बर एमपी 09 टीए 2553 उनकी स्कूटर से टकरा गया, टक्कर से तीनों नीचे गिर गए. घटना में रामकुमारसिंह को चोट नहीं लगी, लेकिन दोनों बच्चों को हाथ-पैर में चोटें आई हैं. पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है.

## रिफ्लेक्टिव टेप की मोनोपॉली व्यवस्था खत्म

इंदौर. राज्य शासन ने रिफ्लेक्टिव टेप की आपूर्ति को लेकर चल रही मोनोपॉली व्यवस्था को निरस्त कर दिया है. इस निर्णय से प्रदेश के लाखों वाहन मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को राहत मिलेगी, जो अब अपनी सुविधा के अनुसार रिफ्लेक्टिव टेप लगवा सकेंगे. बीते दिनों इस मुद्दे को लेकर ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े संगठनों ने चिंता जताई थी कि यदि रिफ्लेक्टिव टेप की आपूर्ति केवल एक ही एजेंसी के माध्यम से की जाती है, तो इससे लागत बढ़ेगी और विकल्पों की कमी के चलते आम वाहन मालिक आर्थिक रूप से प्रभावित होंगे. इस आशंका को देखते हुए नवभारत में यह मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, जिसके बाद शासन ने इस पर संज्ञान लेते हुए प्रस्तावित मोनोपॉली व्यवस्था को अस्थाई रुप से बंद कर दिया है. शासन के इस फैसले से न केवल ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े वर्ग को राहत मिली है, बल्कि यह प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया का भी प्रमाण है. विशेष रूप से मुख्य सचिव अनुराग जैन आईएएस, सचिव परिवहन मनीष सिंह और परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा ने इस विषय को प्राथमिकता पर लेते हुए सकारात्मक निर्णय लिया. इनका कहना है कि अब वाहन स्वामी बाजार में उपलब्ध मानकों के अनुरूप किसी भी ब्रांड की रिफ्लेक्टिव टेप का उपयोग कर सकेंगे. इस आदेश की सराहना करते हुए पूर्व अध्यक्ष, इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सदस्य, मैनेजिंग कमेटी ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस, नई दिल्ली के सीएल मुकाती ने सभी का आभार माना.

## ओवरलोड 10 वाहनों के काटे चालान

महू. यातायात पुलिस ने गुरुवार को विशेष चेकिंग लगाकर पिकअप वाहनों में ओवरलोड सवारी बिठाने पर सख्त कार्रवाई की गई. इस दौरान 10 ओवरलोड वाहनों के चालान काटे गए. पुलिस अधीक्षक यांगचेन भूटिया के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय रूपेश द्विवेदी व डीएसपी ट्रैफिक नितिन सिंह के मार्गदर्शन में सार्वजनिक यातायात को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए यातायात पुलिस महू द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे है. इसी के तहत यातायात पुलिस द्वारा आशापुरा तिराहे पर विशेष अभियान के अंतर्गत लोडिंग वाहनों में ओवरलोड सवारी बिठाने एवं बिना दस्तावेज के वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई. इस दौरान वाहनों का बीमा, फिटनेस, परमिट, पीयूसी, ड्राइवर लाइसेंस इत्यादि दस्तावेज चेक किए गए. दस्तावेज में कमी होने पर एवं ओवरलोड सवारी पाए जाने पर यातायात पुलिस द्वारा मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई. साथ ही वाहन चालकों को भविष्य में लोडिंग वाहन में सवारी नहीं बिठाने के लिए समझाइश भी दी गई. इस दौरान कुल 10 वाहनों के चालान बनाए गए.

## कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा प्रारंभ

महू. सावन के पवित्र माह में किशनगंज के भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गुरुवार से शिव महापुराण कथा भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुई. कथा को विश्व विख्यात कथावाचक पूज्य पंडित विपुल महाराज श्रवण करा रहे हैं. गुरुवार को कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा चंदन गुरु के बगीचे से प्रारंभ हुई जिसमे महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी.

# शिक्षकों ने निकाला रोष मार्च

### पीएम व सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और पुरानी पेंशन बहाली की रखी मांग





**बड़वानी, ( नवभारत )।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्र व्यापी चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में 1 अगस्त को जिला मुख्यालय पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम के खिलाफ तथा पुरानी पेंशन बहाली के लिए रोष मार्च निकाला। जिसके बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार बीएस निनामा को ज्ञापन सौंपा।

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम जिलाध्यक्ष शैलेंद्र जाधव ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन ने मई 2025 को यूनिफाइड पेंशन योजना को लागू करने की समिति बनाई है, जो चार माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मप्र शासन 1 जनवरी 2005 के बाद नियुक्त शासकीय शिक्षक कर्मचारी और अधिकारी जो नेशनल पेंशन स्कीम के अभिदाता है, उन पर अगस्त 2025 से यूनिफाइड पेंशन योजना लागू करने जा रही हैं। जिसके विरोध में शिक्षकों द्वारा उक्त प्रदर्शन किया गया।

जिला प्रभारी यशवंत चौहान ने बताया कि ज्ञापन में मांग की है कि अध्यापक संवर्ग की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि गणना कर ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदी वरिष्ठता लागू करें, नेशनल पेंशन स्कीम धारी मृतक शासकीय सेवक के आश्रित परिवार को परिवार पेंशन केंद्रीय कर्मचारियों के समान तत्काल लागू करें। 2005 के पूर्व नियुक्त सभी विभागों के कर्मचारियों एवं राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों की पुरानी पेंशन स्कीम लागू करें, यूनिफाइड पेंशन स्कीम नहीं मध्यप्रदेश सरकार पुरानी पेंशन स्कीम लागू करें, ई-अटेंडेंस व्यवस्था समाप्त करें। इस दौरान स्थानीय समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम भी एक ज्ञापन दिया गया ।इस दौरान हेमेंद्र मालवीय, कसरसिंह सोलंकी, राधेश्याम यादव, अशोक कुशवाह, धर्मेंद्र भावसार, केशव, यादव, राजेश जोशी, राजपाल तोमर, कमल कुशवाह आदि मौजूद थे।

**कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

- स्थानीय समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।
- रोष मार्च में बड़ी संख्या में शामिल हुए शिक्षक-

# प्रथम बार हुआ कावड़ यात्रा का आयोजन



**पानसेमल, ( नवभारत )।** क्षेत्र के बंधारेश्वर महादेव मंदिर से ओंकारेश्वर तक कावड़ पदयात्रा शुक्रवार को प्रारंभ हुई। मंडल के सदस्य चंद्रकांत महाजन द्वारा बताया गया कि यात्रा का प्रथम वर्ष है। क्षेत्र की कुशल कामना और संपन्नता के लिए यात्रा निकाली गई है।

पदयात्री कांवड़ लेकर गायत्री मंदिर से नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए दुर्गा माता मंदिर पहुंचे। जहां से कावड़ ओंकारेश्वर के लिए रवाना हुई, बंधारेश्वर से तीर्थ जल कावड़ में भरकर करीब सात दिन पैदल यात्रा कर ओंकारेश्वर पहुंचेंगे। जहां ओंकारेश्वर भगवान का तीर्थ जल से अभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक दीवानसिंह पटेल, विधायक की धर्मपत्नी निर्मला श्याम बर्डे, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष शीला विनोद वसावे एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वसावे सहित कई महिलाएं एवं शिव भक्त मौजूद रहे।

## प्रवेश के लिए अंतिम अवसर, सीमित सीटे शेष

**बड़वानी।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए 10वीं के आधार पर प्रथम वर्ष एवं 12वीं/आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए सीएलसी मोड अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वे संस्था की तकनीकी शाखाओं में प्रवेश लेकर भविष्य सुनिश्चित करें। प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। विद्यार्थियों को सोमवार, बुधवार व शुक्रवार सुबह 10.30 से शाम 5.00 बजे तक सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। समय पर उपस्थित होकर प्रवेश ले।

**एक नजर में** | आर्यिका संघ की आहार चर्चा हुई संपन्न, बैंड-बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा

# मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 02 अगस्त.**

पार्श्व गिरी अतिशय क्षेत्र पर जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 31 जुलाई को धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष में 2300 लाडू और 23 किलो का मुख्य लाडू चढ़ाया गया। सर्वप्रथम आर्यिका संघ की आहार चर्या सम्पन्न हुई, उसके बाद तलहटी पर मनोरमा, राजप्रकाश, नीता पहाड़िया परिवार कुक्षी द्वारा ध्वजा रोहन किया गया। उसके बाद मोटा बा दादा भाई परिवार पिपलिया द्वारा सभी अतिथियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

ध्वजा रोहन के बाद तलहटी से माताजी ससंघ और सभी समाजजन बैंड-बाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में पहाड़ तक पहुंचे। क्षेत्र पर आर्यिका संघ के सानिध्य में पार्श्व प्रभु का पंचामृत अभिषेक गौरव दीपचंद पहाड़िया ने किया। उसके बाद दूध से शांतिधारा करने का सौभाग्य निलेश राजेंद्र कुमार वोहरा परिवार को मिला।



उसके बाद पुजन हुआ और निर्वाण लाडू चढ़ाया गया, जिसमें मुख्य लाडू 23 किलो बूंदी का चढ़ाने का सौभाग्य श्रीमती रेणु महेन्द्र, सौरभ हिना, कास्वी पहाड़िया परिवार को मिला और उसके बाद निमाड़, मालवा आदि द्वारा क्षेत्र पर 2300 लाडू चढ़ाए गए। पुण्यार्जक नरेश अंकित पहाड़िया परिवार सुसारी बने। दोपहर में 2 बजे से पार्श्वनाथ विधान किया गया, जिसमें मुख्य इंद्र पारस लोकेश गंगवाल पिपलिया परिवार को मिला। जिसमें महिला मंडल और पुरुष वर्ग शामिल हुए ।विधान के बाद शाम को भी भोजन रखा गया, जिसके पुण्यार्जक स्व पवन, अशोक, विनोद, स्व निर्मल, दोशी परिवार बाकानेर बने। इस महा महोत्सव कार्यक्रम में बड़वानी अन्य जिलों से भी साधर्मी शामिल हुए ।गणिनी आर्यिका माता क्षमा श्री माताजी ससंघ 2 पिच्छि और बड़वानी से छूल्लिका माताजी विश्व रत्न जी ने सभी को मंगल आशीर्वाद दिया और बोला कि ये क्षेत्र सिद्धों की भूमि है और आप सभी संकल्प लीजिए कि इस क्षेत्र पर हर साल इसी तरह मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाएंगे ।सभी पुण्यार्जकों का कमेटी द्वारा सम्मान किया गया और माताजी ससंघ ने सभी पुण्यार्जक परिवार को आशीर्वाद दिया।

**समाजजनों का आभार**

अंत में संपूर्ण अतिथियों और समाजजनों का आभार क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष कमल गोधा और महामंत्री गौरव पहाड़िया ने माना।

# तीन साल में 1000 से ज्यादा तस्कर गिरफ्तार

- ड्रग्स के दलदल में फंसा शहर, हर साल बढ़ रही गिरफ्तारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में नशे का जहर तेजी से फैल रहा है. बीते तीन वर्षों के पुलिस आंकड़े बताते हैं कि इंदौर ड्रग्स तस्करी का बड़ा अड्डा बनता जा रहा है. पुलिस ने लगातार तीन साल से हर साल 1000 से अधिक ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है. यही सिलसिला 2025 में भी जारी है. महज छह महीनों में अब तक 500 से ज्यादा तस्कर पकड़े जा चुके हैं.**

बीते कुछ वर्षों में इंदौर में ब्राउन शुगर, एमडी, चरस, गांजा, अफीम से लेकर सिंथेटिक ड्रग्स तक हर तरह के नशे की आमद बढ़ी है. क्राइम ब्रांच, लोकल पुलिस और स्पेशल टीमों की लगातार कार्रवाई के बावजूद नशे का नेटवर्क तेजी से पैर पसार रहा है. तीन साल के आंकड़ों पर नजर



डालें तो हर साल पुलिस ने छोटे-बड़े मिलाकर हजार से अधिक ड्रग्स तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है. इस वर्ष भी जनवरी से जून के बीच 500 से अधिक गिरफ्तारियां हो चुकी हैं. अकेली क्राइम ब्रांच ने 150 से ज्यादा तस्करों को पकड़ा है, जिनमें 30 से अधिक राजस्थान से और एक नाइजीरियन तस्कर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है. वहीं आधा दर्जन से ज्यादा महिलाओं की गिरफ्तारी भी हो चुकी है. चौंकाने वाली बात यह है कि बड़ी संख्या में कुख्यात बदमाश भी ड्रग्स के कारोबार में संलिप्त पाए जा रहे हैं.

**अपराधियों पर कई प्रकरण दर्ज**

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया का कहना है कि अब तक 25 से ज्यादा ऐसे अपराधी गिरफ्तार हुए हैं जिनके खिलाफ एक दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं. हाल ही में हिस्ट्रीशीटर रवि काला को भी मादक पदार्थों के साथ दबोचा है. ड्रग्स के बढ़ते खतरे को देखते हुए इस बार प्रदेश स्तर पर 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान भी चलाया गया. इस अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने शपथ ली और स्कूल-कॉलेजों में जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. अभियान का समापन आज हो रहा है, लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि शहर को नशे के जाल से मुक्त करने की चुनौती अभी बाकी है.

# 19 शातिर बदमाशों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- 10 जिलाबदर, 9 पर थाना हाजरी की पाबंदी





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 19 शातिर बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए 10 कुख्यात बदमाशों को जिलाबदर कर दिया, जबकि 9 बदमाशों पर थाना हाजरी का आदेश जारी किया है.**

पुलिस की कार्रवाई में शामिल 10 बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर के तहत कार्रवाई करते हुए इन्हें इंदौर जिले और सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमा से निष्कासित किया है, इनमें शामिल हैं फैजान उर्फ टिन्ना अली 1 साल, मौरा उर्फ मोरध्वज ठाकुर 6 माह, गौरव भाट 6 माह, अजय उर्फ टीटी राणा 6 माह, विशाल करोसिया 6 माह, सौरभ उर्फ सन्नाटा 6 माह, श्याम उर्फ टिम्मा 6 माह, मनोज उर्फ भोंडा 6 माह, आनंद उर्फ अन्नू जाटव 6 माह और शुभम उर्फ तंबोली 6 माह. इन पर हत्या, लूट, मारपीट व अन्य गंभीर धाराओं में कई प्रकरण शहर के विभिन्न थानों में पहले से दर्ज हैं. इसी तरह जिन 9 बदमाशों को थाना हाजरी की पाबंदी दी गई हैं, उन्हें 6 माह तक नियमित रूप से अपने थाने में हाजिरी देना अनिवार्य होगा, जिनके नाम इस प्रकार है. शकील उर्फ मोहम्मद, विशाल वर्मा, रुपेंद्र उर्फ भांजा, कपिल उर्फ काला, आशीष उर्फ आशु, रवि उर्फ पद्दी, ललित, सोनू उर्फ बारीक और जग्गा उर्फ जगदीश. आदेश की शर्तों के तहत ये बदमाश न तो किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल होंगे और न ही शहर की शांति भंग करेंगे. यदि आदेश का उल्लंघन हुआ, तो इनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ शिवभान सिंह और एडीपीओ अजय प्रताप बुंदेला ने की. मामले में यह भी कहा गया हैकि कि ये सभी बदमाश आदतन अपराधी हैं, जो क्षेत्र की शांति और कानून व्यवस्था के लिए खतरा बने हुए थे. जिलाबदर और निर्बन्धन की यह कार्रवाई शहर में अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस की लगातार चल रही मुहिम का हिस्सा है.

# एक ही दिन में चार नाबालिग बालिकाएं हुई लापता

### *पुलिस ने किया अज्ञात पर अपहरण का प्रकरण दर्ज*

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर और आसपास के थाना क्षेत्रों से चार अलग-अलग नाबालिग लड़कियों के लापता होने की शिकायतें पुलिस थानों में दर्ज हुई. चारों मामलों में परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी बेटियों को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया. चारों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरु की.**

पहला मामला खजराना थाना क्षेत्र के राजीव नगर से सामने आया, जहां मोहम्मद आरिफ की बेटी अचानक घर से बिना बताए चली गई. दूसरा मामला भी खजराना क्षेत्र की ही ओमेक्स कॉलोनी की रहने वाली कुसुम चौहान ने दर्ज कराया है. उनकी बेटी भी सुबह से लापता है और परिजन को अपहरण की आशंका है. तीसरी शिकायत परदेशीपुरा थाना क्षेत्र से आई, जहां न्यू श्यामाचरण शुक्ल नगर निवासी आरती सल्लाम की नाबालिग बेटी को किसी अज्ञात ने बहला-फुसलाकर ले जाने की बात कही गई है. वहीं, चौथा मामला क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़ी बरलाई से सामने आया, जहां सपना मकासरे की बेटी के लापता होने पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई. चारों मामलों में संबंधित थानों की पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ करण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**समस्या** | मामला वार्ड दो के चंदन नगर की गली नंबर तीन का

# नाले में जमा है गंदगी, गंदा पानी घुस जाता है घरों में



**इंदौर. नाला टैपिंग को लेकर करोड़ों रुपए का बजट शहर में खर्च किया गया लेकिन यहां प्रोजेक्ट कितना सफल हुआ है, शहर के क्षेत्र में जाकर देखने के बाद ही पता चलता है और इससे उठने वाली समस्याओं से रहवासी परेशान होते हैं.**

मामला दो वार्डों के बीच के नाले का है. वार्ड क्रमांक एक और दो, यह दोनों वार्ड धार रोड स्थित गीता नगर एवं चंदन नगर में आते हैं. वार्ड क्रमांक दो के चंदन नगर की तीन नंबर गली में नाला इतना तेजी से बहता है कि पचास फीट दूर बने मकानों के अंदर पानी पहुंच जाता है. यह मुसीबत पूरे बरसात लोगों को परेशानी में डाले रखती है. समस्या को सुनने के बाद जब नल की तरफ नजर घुमाई तो पता चला कि नल की गहराई कम है. साथ ही नाले पर अवैध कब्जा कर नाले की चौड़ाई भी कम हो चुकी है. इसमें एक बात और भी गंभीर देखी गई है कि नाले में कचरे का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण नल का गंदा पानी उफ़न कर आस-पास के घरों में भर जाता है. जोन, नगर निगम के अलावा रहवासियों ने हेल्पलाइन नंबर पर भी इसकी शिकायत दर्ज कराई है.

**इनका कहना है...**



पहले नाल चौड़ा था, लोगों ने मकान बनाया तो नाला सकरा हो गया. आगे जाकर और पतला हो गया. गीता नगर की तरफ से लोग इतना कचरा फेंकते हैं कि नाला चौक हो जाता है.

**- शमीम बी**



नाला चौक होने से घरों में आगे से तो पानी घुस जाता है. साथ ही पीछे बैक लाइन से रिटर्न पानी घरों में घुसता है. यहां समस्या आसपास के मकान में पूरी बरसात बनी रहेगी.

**- परवीन शेख़**



पिछले शनिवार को ही मैंने शिकायत दर्ज कराई थी. घरों में पानी घुस जाने के डर से लोग सूना घर छोड़कर कहीं जा भी नहीं सकते. नाला टैपिंग कर इस समस्या का समाधान करना चाहिए.

**- अकरम खान**



इंजीनिसर्य से बात करूंगी-समय-समय पर नल की सफाई की नियमित होती है. फिर भी लोग उसमें कचरा डाल देते हैं. जबकि कचरा गाड़ी नियमित तौर पर हर गली में पहुंचती है. एनजीओ के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे. इसके निराकरण के लिए निगम इंजीनियर्स से मैं बात करूंगी.

**- फातिमा खान पार्षद**